# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025




खबर संक्षेप

## गनेकेरा और फोटापारा में अवैध धान जब्त

**बसना।** शुक्रवार को ग्राम गनेकेरा व फोटापारा में कलेक्टर के सख्त निर्देश पर एसडीएम हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई की गई। बसना मंडी की टीम के सहयोग से नित्या भोई के यहां 112 पैकेट धान जब्त किए गए। फोटापारा में साखाराम साव के यहां 58 पैकेट जब्त की। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि यह धान अवैध रूप से खपाने की तैयारी में रखा गया था। इन दिनों प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन और खपत पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विभागीय अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

पेज 3 के शेष...

### हड़ताल के साए...

सुनिश्चित की गई हैं। कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए प्रबंधकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों की वैकल्पिक व्यवस्था भी कर दी गई है।

### धान की कटाई...

रहे है जिसके चलते गांव सुना -सुना नजर आने लगा है क्षेत्र के मैनपुर, भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, गौरघाट, देहारगुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार, नहानबिरी, तुहामेटा, कोनारी, कोदोभाठ, बरदूला, मैनपुर कला, फुलझर, बोईरगांव, अड़गड़ी, कोयबा, शोभा, गोना, गौरगांव, उंदती, इंदागांव, कुर्रूभाठा, गरहाडीह, कोकड़ी, बरगांव साहेबिनकछार, फरसरा, खोखमा, धरनीधोड़ा, बुरजाबहाल, साल्हेभाठा, दबनई, सरगीगुड़ा, मटिया, कोदोभाठा, छोटेगोबरा, छैलडोंगरी, भेजीपदर, काण्डेकेला, गोलामाल, बिरीघाट, उसरीजोर, गुढ़ियारी, मंदागमुड़ा आदि ग्रामो मे किसान धान कटाई कार्य करते दिखाई दे रहे है वहीं किसान रमेश नागेश, मनोज साहू, दिनेश नेताम, सुकरूराम, शंकर लाल यादव, नरंजल नेताम, भुवन सिंह ने बताया कि धान कटाई कार्य जोरशोर से चल रहा है और किसान धान कटाई और उसकी सुरक्षा में जूट गये है। किसानो ने बताया हार्वेस्टर, थ्रेसर मशीन के साथ धान की कटाई प्रारंभ कर दिये है साथ ही मजदूर के माध्यम से भी धान की कटाई किया जा रहा है किसानो ने यह भी बताया कि धान की फसल मे तरह तरह की बिमारियो से किसान परेशान हो रहे है धान पक कर तैयार हो चुकी है लेकिन इसमे कटवा के साथ लाई फुटा बिमारी का सर्वाधिक प्रकोप देखने को मिल रहा है जिसके कारण किसान बेहद परेशान है और जल्द से जल्द धान की कटाई कर लेना चाह रहे है।

**तैयारी :** धान खरीदी केन्द्र का भाजपा नेताओं ने जायजा लिया

# फिंगेश्वर सोसायटी में धान खरीदी आज से, असमंजस की स्थिति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

धान उपार्जन केंद्र फिंगेश्वर मे धान खरीदी की तैयारी का भाजपा नेताओं ने किया जायजा लिया। कर्मचारियों के हड़ताल मे जाने से प्राधिकृत अध्यक्ष खरीदी की तैयारी मे जुटे हुए है लेकिन धान खरीदी 15 नवंबर को प्रारंभ होगा इस बात पर संशय की स्थिति बनी हुई है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर पंजीयन क्रमांक 685 के तहत धन उपार्जन केंद्र में धान खरीदी की तैयारी का जायजा लेने भाजपा नेताओं ने पहुंच कर तैयारी संबंधी जानकारी लिया। पिछले वर्षोंर् की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ सरकार के आदेश अनुसार कृषि उपज उप मंडी फिंगेश्वर में धान खरीदी किया जा रहा है। शासन के निर्दशानुसार इस वर्ष धान खरीदी केन्द्रों मे 15 नवंबर से किया जा रहा है किंतु सहकारी समिति के कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल में चले जाने कारण से धान खरीदी किया जाना असंभव सा हो गया है।इस स्थिति में किसानों का धान की खरीदी कैसे होगा? और क्या तैयारी हैं? जिनका



निरीक्षण करने और जानकारी लेने भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता मंडी प्रांगण पहुंचकर निरीक्षण किया जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंडी उपाध्यक्ष भागवत हरित,पूर्व अध्यक्ष प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर के रामू राम साहू,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू,पूर्व मंडल मंत्री किरण सोनी आदि ने पहुंचकर प्राधिकृत अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा के साथ बातचीत कर धान खरीदी संबंधी समस्त जानकारियां एवं तैयारियों का जायजा लिया जिसमें प्राधिकृत अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा ने बताया कि कर्मचारी हड़ताल पर चले जाने से धान खरीदी 15 तारीख को किया जाना असमंजस की स्थिति में है। किंतु शासन का आदेश अनुसार कार्य करने का प्रयास करूंगा।शासन के द्वारा कृशि विभाग के आरईओ की ड्युटि धान खरीदी मे लगाया गया है लेकिन वे संघ के द्वारा शासन को मना करने के कारण अपनी ड्यूटि नहीं करेंगे।वही पर ट्रेंड कंप्यूटर आपरेटर नही होने के कारण धान खरीदी करना आज की तारीख मे असंभव प्रतित होगा।धान खरीदी तभी होगा जब शासन के द्वारा जिम्मेदार अपना कर्तब्य निभायेंगे। फिरहाल धान खरीदी की असमंज की स्थिति बनी हुई है।

### धान खरीदी केंद्रों में कर्मचारी हड़ताल पर

नवापारा-राजिम। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धान खरीदी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश में धान खरीदी 15 नवंबर से आरम्भ होनी है। प्राथमिक कृषि साख समितियां और धान खरीदी केंद्रों के कर्मचारी अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिसके कारण खरीदी केंद्रों में सन्नाटा पसरा हुआ है। कई खरीदी केंद्रों में समितियों के प्राधिकृत अधिकारी किसानों को वर्तमान खरीदी नियमों की जानकारी देने के लिए उपलब्ध है। परंतु तैयारियों को लेकर कोई हलचल नहीं है। अब देखना होगा कि क्या शासन द्वारा निर्धारित तिथि में धान खरीदी प्रारंभ हो पाती है अथवा नहीं? छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से शुरू हो रही है। वहीं, किसानों को खरीदी केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने से बचने के लिए और किसानों को धान बेचने के लिए राज्य सरकार द्वारा एप्लीकेशन बनाया गया है जिस ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। तुहर टोकन मोबाइल ऐप का नया वर्जन प्ले स्टोर में जारी किया गया है। ऐप के माध्यम से किसान टोकन कटवा सकते हैं। किसान को टोकन में दर्ज मात्रा के बराबर धान केंद्र में लाना होगा। वहीं प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सुबह टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से किसान टोकन बुक कर सकते हैं। किसान का बैंक खाता वेरिफिकेशन नहीं होने पर टोकन जारी करने की अनुमति नहीं होगी।



## बारूला प्राथमिक विद्यालय में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में बाल दिवस हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र की पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों द्वारा एफएलएन मेला का आयोजन स्टाल लगाकर उमंग और हर्ष उल्लास के साथ किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधि एवं शिक्षण सामग्री चार्ट,मॉडल चित्र,गीत कहानी जोड़ना, घटाना आदि के माध्यम से बच्चों में शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास एवं सीखने सिखाने की कला बच्चों में उभरने लगा ताकि बच्चे खेल खेल के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सके। एफएलएन मेला के अवसर पर सरपं सुकदेव राम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, जितेंद्र साहू, अशोक साहू, पुकेश राम साहू, पूर्व सरपंच रामबाई साहू, संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव, मोती ध्रुव, हीरावन लाल साहू, कमलकांत सेन आदि उपस्थित थे।

## एफएलएन मेला एवं बाल मेला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**पाण्डुका।** छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना एफ एल एन एवं बाल मेला का आयोजन शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अतरमरा में आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी, अध्यक्षता जगत सिन्हा-अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, विशिष्ट अतिथि दुलारी साहू जनपद सदस्य छुरा सरपंच ग्राम पंचायत अतरमरा श्रीमती केजा बाई सोम, उपसरपंच ऐश कुमार सिन्हा, श्याम लाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, टीकम सिन्हा अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, हेमलता साहू, हेमप्रभा चतुर्वेदी की उपस्थिति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख खेमलाल यादव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा की विशेष उपस्थिति रही। एफएलएन योजना के उद्देश्यों में दक्षता आधारित



लर्निंग आउटकम की अवधारणाओं को सरल एवं सहज ढंग से बच्चों के मनोवृति में आत्मसात करवाने का एक सशक्त माध्यम है। जिससे बच्चे पुस्तक एवं पोस्ट के साथ गतिविधियों से बच्चे सीखते हैं। उक्त कार्यक्रम के अवसर में बच्चों के द्वारा विज्ञान विषय के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शनी लगाया गया। गणित के अवधारणाओं को माडल के द्वारा सरल ढंग से बताने का कार्य किया।

## मधुमेह नियंत्रण के 5 सूत्र मॉर्निंग वॉक, संतुलित आहार और योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व मधुमेह दिवस में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा के चिकित्साधिकारी में पदस्थ डॉ. पुष्पध्वज सिन्हा जी द्वारा प्रेजेंटेंसन के माध्यम से मुधुमेंह के प्रकार एवं उपचार एवं बचाव पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया, सभी एचबी-ए-वन-सी टेस्ट कराना चाहिए। वजन का बढ़ना, असंतुलित भोजन, इंसुलिन की कमी, थायराइड का काम हो जाना, ज्यादा सोए रहना, एसिडोसिस का बढ़ जाना इन सभी के कारण मधुमेह बढ़ जाता है। मधुमेह को कंट्रोल करने के लिए सुबह मॉर्निंग



वॉक, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग और दिनचर्या को संतुलित रखने से किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारी का मधुमेह के साथ साथ बीपी एवं वजन जांच किया गया जिसमें 40 से अधिक का चेकअप किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजक विकास कुमार साहू द्वारा किया गया। हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखत रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, डॉली यदु, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।



प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

04 बाल दिवस पर मैनपुर में एफएलएन बाल मेला...



04 पिपरछेड़ी में विधायक साहू ने किया राशन दुकान का ...





## खबर संक्षेप

### सांसद और विधायक आज करेंगे धान खरीदी का शुभारंभ



**राजिम।** राजिम कृषि ऊपज मंडी में आज शनिवार को औपचारिक रूप से धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ सांसद रूपकुमारी चौधरी और विधायक रोहित साहू करेंगे। बता दे कि एक दिन पहले संस्था के प्राधिकृत अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने धान खरीदी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उनके साथ कोऑपरेटिव इंस्पेक्टर गड़तिया तथा समिति के कर्मचारी मौजूद थे। श्री सोनकर ने धान खरीदी के संबंध में कर्मचारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्राधिकृत अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने बताया कि समिति में खरीदी केंद्र में संबंधित सभी व्यवस्था कर ली गई है।

### कारीमाटी में बिरसा मुंडा जयंती समारोह आज

**रसेला।** ग्राम पंचायत रसेला के पारा कारीमाटी में आज 15 नवंबर को आदिवासी जनजातिया गौरव दिवस बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इसके उपलक्ष्य में हर वर्ष भांति इस वर्ष भी रात्रिकालीन छतीसगढ़ी नाचा पार्टी रंगरसिया ग्राम लखनपुरी चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर का कार्यक्रम आयोजित होना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, अध्यक्षता करेंगे सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशेष अतिथि होंगे उपसरपंच परमेश्वर यादव, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, भावसिह मरकाम, संतराम नेताम, कमलेश्वर नायक, राकेश कोमर्रा, रामायण ठाकुर, रायसिंह ठाकुर सहित आमंत्रित अतिथिगण मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे अतिथि स्वागत और उद्बोधन के पश्चात 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में कारीमाटी के ग्राम प्रमुख केजऊ राम, विश्राम नेताम, पंच ओंकार ठाकुर, भारत राम ठाकुर, भूखन राम नेताम सहित समस्त पारा वासियों तन मन धन से जुटे हुए हैं।

### टेप्पापारा में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण कल

**रसेला।** ग्राम पंचायत के पारा टेप्पापारा में 16 नवंबर दिन रविवार को 12 बजे आंगनबाड़ी का लोकार्पण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ ही साथ इस दिन 9 से 12 दिसंबर में होने वाले 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भी भूमिपूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र के लोकार्पण के मुख्य अतिथि होंगे सांसद रूपकुमारी चौधरी महासमुंद लोकसभा क्षेत्र, अध्यक्षता सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशेष अतिथि होंगे क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव, विशिष्ट अतिथि गौरीशंकर कश्यप जिला पंचायत अध्यक्ष, लालिमा ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सहित पंचायत के सभी पंचगण और ग्राम प्रमुखों व परावासी के सानिध्य में यहां कार्यक्रम संपन्न होगा। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए समस्त परावासी एवं ग्राम पंचायत जुटे हुए हैं।

### बड़े भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम मेमरा में एक व्यक्ति के साथ उसके बड़े भाई ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को रघुनाथ साहू निवासी ग्राम मेमरा डीपापारा ने बताया कि हम लोग 02 भाई हैं। बडा भाई लोकनाथ साहू है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 5 साल पूर्व से वह अपने परिवार के साथ ग्राम रामपुर में रह रहा था। करीब डेढ़ माह पूर्व अपने पुराने घर मेमरा डीपापारा में आकर रहने लगा था।

# हड़ताल के साए में आज से धान खरीदी, तैयारी कागजी, जमीनी हकीकत चुनौती भरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में सहकारी समितियों के प्रबंधक और कर्मचारी हड़ताल पर हैं, ऐसे में आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने जा रही है। प्रशासन ने तैयारियों को पूरी तरह दुरुस्त बताया है, लेकिन हरिभूमि की टीम ने जिले के कई उपार्जन केंद्रों का दौरा किया, जहां स्थिति इससे बिल्कुल अलग दिखी। कई केंद्रों में फड़ और चबूतरा अधूरे मिले, बारदानों की व्यवस्था पर्याप्त नहीं थी और कुछ केंद्रों पर टोकन वितरण की व्यवस्था ही मौजूद नहीं थी। कर्मचारियों की कमी के कारण कई जगह प्रारंभिक तैयारियाँ भी अधूरी पड़ी थीं। हरिभूमि ने जब समिति प्रबंधकों से बात की तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, वे हड़ताल खत्म नहीं करेंगे। उनका कहना है कि लंबे समय से लंबित मुद्दों को लेकर बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद विभाग द्वारा समाधान नहीं किया गया, जिसके कारण उन्हें हड़ताल का सहारा लेना पड़ा। दूसरी ओर प्रशासन का दावा है कि जिले के 90 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की तैयारी पूरी की जा चुकी है। कलेक्टर बीएस उइके ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 83 हजार 445 किसान पंजीकृत हैं और उपार्जन केंद्रों में बारदाना, पीने का पानी, बैठने की सुविधा और छाया सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ ▶▶| शेष पेज 2 पर

## प्रशासन का दावा जिले के 90 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की तैयारी पूरी




### जिले की सीमाओं पर 30 चेक पोस्ट स्थापित

धान के अवैध परिवहन और विक्रय पर रोक लगाने के लिए जिले की सीमाओं पर 30 चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। जिला कंट्रोल कमांड सेंटर और उड़नदस्ता दल को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। धान उठाव की प्रक्रिया को भी नियमित रखने की बात कही गई है ताकि खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की तैयारियों के दावे अपनी जगह हैं, लेकिन हरिभूमि की जांच में कई उपार्जन केंद्रों पर अधूरी व्यवस्थाएँ चिंताजनक रूप में सामने आई हैं। अब जब धान खरीदी आज से शुरू हो रही है, जिले भर के किसान इस बात को लेकर चिंतित हैं कि हड़ताल और अधूरी तैयारियों का सीधा असर खरीदी व्यवस्था पर न पड़े। हरिभूमि इस पूरी प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए रखेगा।

## खेती किसानी : धान काटकर खलियान में देर रात तक मिंजाई में जुटे किसान

# धान की कटाई और मिंजाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी, किसान हार्वेस्टर थ्रेसर का ले रहे हैं सहारा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में इन दिनो धान कटाई और मिंजाई का कार्य तेजगति से किया जा रहा है जिसके चलते नगर सहित गांव की गलिया सूनी हो गई है। किसान सुबह से देर रात तक खेल और खलियान में दिखाई दे रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी भी प्रारंभ हो जायेगी जिसके कारण किसान जल्द से जल्द धान की कटाई और मिंजाई कर लेना चाह रहे है। विकासखण्ड क्षेत्र में इन दिनों धान कटाई और मिंजाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है जिसके चलते नगर सहित गांव की गलिया दिनभर सुने



हो जाते है किसान परिवार सुबह से देर रात तक खेत खलियान में नजर आ रहे है किसान जल्द से जल्द धान की कटाई कर मिंजाई कार्य में जूटे हुए है जिसके कारण इन दिनों मजदूर नही मिल पा रहा है कई किसान मशीन हार्वेस्टर, थ्रेसर का सहारा ले रहे है जिससे जल्द से जल्द धान कटाई हो सके मशीन से धान की कटाई के बाद इसे किसान सुखाने में लगे है आज भी मैनपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक रूप से धान कटाई मजदूर के माध्यम से किसान कराना ज्यादा पसंद करते है और खेत खलियान में इन दिनो किसान जहां धान को काटकर खलियान लाकर देर रात तक मिंजाई कार्य में जूटे हुए है। मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र मे इन दिनो खेती किसानी का कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है जिसके चलते गांव की गलियां सुनी हो गई है सुबह से किसान व मजदूर धान कटाई करने खेतो के तरफ निकल जाते है और देर शाम को वापस लौट ▶▶| शेष पेज 2 पर

### धान के खेतों में लाई फूटा से भी किसान परेशान

धान की फसल मे तरह तरह की बिमारियो से किसान परेशान हो रहे है धान पक कर तैयार हो चुकी है लेकिन इसमे कटवा के साथ लाई फुटा बिमारी का सर्वाधिक प्रकोप देखने को मिल रहा है जिसके कारण किसान बेहद परेशान है और जल्द से जल्द धान की कटाई व मिजाई कर लेना चाह रहे है। रातों रात कीट प्रकोप फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। इस बार नए तरह की बिमारी धान की फसलों में देखने को मिल रही है। खड़े पक चुके धान की फसल की बालियां देखते ही देखते एक दो दिन मे बदरा जा रहा है और यह किसानों को भारी परेशान कर रखा है इससे निजात पाने के लिए किसान महंगे से महंगे दवा डाल रहे है। साथ ही धान के फसलों में भूरा माहो, तना छेदक का भारी प्रकोप देखा जा रहा है और किसान अब जल्द से जल्द कटाई का कार्य कर लेना चाह रहे है।

# थ्रेसर पलटने से दो ग्रामीणों की मौत

## नशे में था ट्रेक्टर चालक, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल के ग्राम पंडरीपानी गोंड़ में 10 नवंबर को एक अत्यंत दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रैक्टर से बंधा थ्रेसर पलटने से दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, ग्रामीण धान मिंजाई का काम खत्म कर लौट रहे थे। इसी दौरान वाहन चालक लोकेश सोरी का ट्रेक्टर असंतुलित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कैलाश नेताम (पिता जबल राम नेताम, उम्र 21 वर्ष) और कार्तिक (पिता ओभीराम, उम्र 45 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, नाबालिग भवानी शंकर (पिता हिरण मरकाम) बुरी तरह घायल हो गया। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहाँ से उसे बेहतर उपचार के लिए नवापारा अस्पताल रेफर किया गया है।





### लापरवाही के गंभीर तथ्य सामने

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे का मुख्य कारण चालक की लापरवाही थी। घटना स्थल पर शराब की बोतलें भी फूटने के निशान मिले हैं, जो यह दर्शाते हैं कि चालक नशे की हालत में था। जांच में लापरवाही के कई गंभीर तथ्य सामने आए हैं चालक के पास लाइसेंस नहीं था। जिस ट्रेक्टर का उपयोग किया जा रहा था, उसका बीमा भी नहीं था। इन गंभीर तथ्यों और दो परिवारों के चिराग बुझ जाने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने यह सवाल भी उठाया है कि नाबालिग भवानी शंकर को ट्रेक्टर में काम पर क्यों ले जाया गया था।

### पुलिस ने शुरू की जांच मुआवजे की मांग

मृतकों के परिजनों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग करते हुए आर्थिक सहायता देने की अपील की है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वाहन चालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया में जुट गए हैं। ग्रामीणों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व का अब ड्रोन तकनीक से करेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

- दो कर्मचारी बने प्रमाणित पायलट

उदंती–सीतानदी टाइगर रिज़र्व में वन्यजीव संरक्षण को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के वन विभाग द्वारा जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा, निगरानी तथा अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में टाइगर रिज़र्व के उपनिदेशक आईएफ़एस वरुण जैन के मार्गदर्शन में दो कर्मचारियों को ड्रोन संचालन का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रायपुर स्थित ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण में लालबहादुर भिलेपरिया और मनीष कुमार ने भाग लेकर सफलतापूर्वक प्रमाणित ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद दोनों कर्मचारी आधिकारिक रूप से प्रमाणित ड्रोन पायलट बन गए हैं।

प्रशिक्षण के दौरान उन्हें ड्रोन संचालन, हवाई निगरानी, वनक्षेत्र का नक्शा तैयार करना, अवैध गतिविधियों की पहचान, वन्यजीवों की आवाजाही पर नजर रखने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में ड्रोन के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। इस पहल के बाद टाइगर रिज़र्व की सुरक्षा टीम अब आधुनिक तकनीक से लैस होकर वन्यजीव संरक्षण और जंगलों की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी ढंग से अंजाम दे सकेगी।




# कूप कटिंग के नाम पर हरे पेड़ काटने का विरोध, संजय ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला अंतर्गत राजापड़ाव के आसपास जंगलों में वन विभाग द्वारा कूप कटिंग के नाम पर बड़े पैमाने पर हरे–भरे पेड़ों की कटाई किए जाने का मामला गंभीर रूप से उभरकर सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों में इसके प्रति गहरी नाराज़गी देखी जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल पेड़ों की कटाई रोकने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

नेताम घटना स्थल पर पहुंचे और वहां काम कर रहे ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप ही इस जल-जंगल-ज़मीन के असली मालिक हैं। किसी विभाग को आपको अधिकारों से दूर रखकर निर्णय लेने का कोई हक नहीं है। उन्होंने बताया कि यह पूरा इलाका पेशा कानून और संविधान की पांचवीं अनुसूची के संरक्षण में आता है, जहां ग्रामसभा सर्वोच्च इकाई मानी जाती है। ग्रामसभा की अनुमति के बिना न तो पेड़ काटे जा सकते हैं और न ही जंगल से जुड़ा कोई संसाधन बेचा जा सकता है। नेताम ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा स्थानीय लोगों को विश्वास में लिए बिना नियमों का उल्लंघन करते हुए पेड़ों की कटाई की जा रही है, जो कि कानून एवं परंपरागत अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।

इन्होंने कहा है कि पेड़ों की कटाई को तत्काल प्रभाव से रोका जाए पहले किए गए सभी कूप कटिंग का लकड़ी एवं आर्थिक विवरण ग्रामसभा को प्रस्तुत किया जाए, भविष्य में कोई भी कार्य केवल ग्रामसभा की अनुमति से ही किया जाए। और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। संजय नेताम ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस जंगल को बचाकर रखा, वही हमारी आने वाली पीढ़ियों की ताकत है। हम अपने अधिकारों और प्राकृतिक संसाधनों से समझौता नहीं करेंगे।



## प्रधानमंत्री आवास के नाम पर रेत की खुली लूट

# पोंड़ में 6 माह से अवैध डंपिंग कर रायपुर में खपाई जा रही रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

अंचल के ग्राम पंचायत पोंड में बीते लगभग 6 माह से अवैध रेत डंपिंग कर चोरी करने का खेल चल रहे हैं प्रधानमंत्री आवास में रेत खपाने के नाम पर कुकदा ग्राम पंचायत के घाट से रेत ट्रैक्टरों के माध्यम से ढुलाई कराई जाती है और हाईवा पर जेसीबी से भरवा कर रायपुर में खपाया जा रहा है। पोंड ग्राम के अंतिम छोर में कुकदा पिकअप वियर जाने वाले मार्ग के पास यह डंपिंग का कार्य किया जाता है। इस खेल में पोंड ग्राम के कुछ लोगों की संलिप्त होना बताया जा रहा है। इस रेत चोरी के खेल कहीं ऐसा तो नहीं की जिला खनिज विभाग व राजस्व विभाग की मिली भगत हो वहीं सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत कुगदा में ग्रामीण स्तर पर रेत की नीलामी की गई है और वहां केवल ट्रैक्टर से रेत की ढुलाई करवाई जाती है और डंप कर रोज लगभग सुबह शाम मिलाकर 5 से 6 हाईवा गाड़ियों से रायपुर में ऊंची कीमत पर बेची जा रही है। प्रधानमंत्री आवास के नाम पर रेत चोरी कर रेत चोर मालामाल हो रहा है। खनिज संपदा की खुली लूट से शासन को राजस्व की हानि तो हो रही पर इन सब की किसे चिंता फिकर है। कुछ ग्रामीणों को पूछने पर बताया कि किसी व्यक्ति की निजी जमीन में डंप कर यह रेत चोरी का काम किया जा रहा है।





### कार्रवाई की जाएगी

खनिज विभाग को जब जानकारी मांगी गई की यह रेत डंप वैध है की अवैध तो इस बारे में जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि पोंड में इस जगह पर रेत डंप स्वीकृत नहीं है। अगर रेत डंप कर बेची जा रही है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप

### पंडित युवराज ने बिलासपुर में ब्राह्मण प्रीमियम लीग का किया उद्घाटन



**मैनपुर।** मैनपुर अमलीपदर जगन्नाथ मंदिर के पुजारी एवं राष्ट्रीय कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय सरकंडा बिलासपुर में ब्राह्मण प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 के उद्घाटन समारोह में पहुंचे। इस दौरान मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित युवराज पाण्डेय एवं अनिविशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

### बिहार की जनता ने मोदी की गारंटी पर जताया भरोसाः बजाज

**नवापारा-राजिम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने बिहार चुनाव में



एनडीए की प्रचंड जीत के लिए बिहार के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मतदाताओं ने जाति एवं संप्रदाय से ऊपर उठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन ने भाजपा को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किया लेकिन बिहार की जनता विपक्ष के झांसे में ना आकर भाजपा को वोट दिया। श्री बजाज ने कहा कि राष्ट्रवाद की चुनावी बयार बिहार से चलकर दक्षिण के राज्यों में चलेगी।

### बिहार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाई



**फिंगेश्वर।** भाजपा मंडल फिंगेश्वर के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की शानदार जीत पर फटाका फोड़ कर कार्यकर्ताओं द्वारा खुशिया मनाई गई एवं मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता रामू राम साहू,मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू, जिला मंत्री जगदीश यदु, उपाध्यक्ष जनक श्रीवास, सोसायटी अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, किरण सोनी, पार्षद शांति कोसरे, भूनेश्वरी साहू, संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, ज्योति राजपूत, सुमन श्रीवास, तुलाराम साहू, शीतल साहू, राकेश सिन्हा, अरुण ध्रुव, छवि साहू उपस्थित हुए।

### क्रेन की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** सब्जी लेकर पैदल आ रहे एक व्यक्ति को क्रेन ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने मे अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को महलपारा निवासी अजय यादव ने बताया कि 13 नवंबर को उसका चचेरा भाई संतोष यादव सब्जी मार्केट सरायपाली गया था। शाम करीब 04.20 बजे वह सब्जी मार्केट सरायपाली की ओर से पैदल आ रहा था, तभी पदमपुर रोड दुर्गा मंदिर के पास कुटेला चौक की ओर से आ रहे क्रेन वाहन क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 5113 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर उसके चचेरे भाई संतोष यादव को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

### निधन

### शिव ठाकुर

**राजिम।** भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर के पुजारी शिव ठाकुर उम्र 70 वर्ष का निधन शुक्रवार सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में पारिवारिक लोग, पुजारी समिति एवं शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## दिवस : स्कूलों में बाल दिवस के अवसर पर जगह -जगह मेला का हुआ आयोजन

# बाल दिवस पर मैनपुर में एफएलएन बाल मेला और डीएवी स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक, मिडिल एवं कई हाईस्कूलो में आज बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें भारी उत्साह देखने को मिला। प्राथमिक शाला शुक्लाभाठा में बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं के साथ ग्रामीण भी शामिल हुए। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में के बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता कौशल का विकास करना है, ताकि वे पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणितीय अवधारणाओं को सहजता से समझ सकें। मेले को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बच्चे स्वयं विभिन्न गतिविधियों की तैयारी कर रहे हैं और "करके देखबो सीखके रहीबो " की भावना से प्रेरित हैं। मेले में खेल, पहेलियाँ, गणितीय प्रयोग, भाषा आधारित गतिविधियाँ आदि के माध्यम से सीखने को आनंददायक और अनुभवात्मक बनाया गया ताकि बच्चे खेल खेल में सीख सकें। ग्राम धुरवागुड़ी बालक आश्रम में भी एफएलएन बाल मेला का आयोजन किया गया इस दौरान प्रधान पाठक आनंद साहू, अधीक्षक हरलाल नायक, शिक्षक संतोशी ध्रुव एवं बड़ी संख्या में छात्र-



छात्राएं शामिल हुए। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही एमएमपीएस देहारगुड़ा में बाल दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। संस्था प्रमुख सुश्री वेनुका साहू के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य रूप से कक्षा के जी 1 से कक्षा तीसरी तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कक्षा के जी 1 और कक्षा के जी 2 के लिए अरेन्ज द बाटल प्रतियोगिता, कक्षा पहली और दूसरी के लिए स्पून रेस, कक्षा तीसरी और चौथी के लिए थ्री लेग रेस, कक्षा पांचवी और छठवीं के लिए बैलून रेस, कक्षा सातवीं और आठवी के लिए थ्रो द बाल एवं कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लिए म्यूजिकल चेयर रेस आदि का आयोजन किया गया, जिसमें केजी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र–छात्रओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था प्रमुख सुश्री वेनुका साहू ने अपने संबोधन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए उनके बच्चों के प्रति स्नेह और भारत के प्रति योगदान को बताया और साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### थ्रो द बाल प्रतियोगिता में युगान्त प्रथम

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलन से किया गया। अरेन्ज द बाटल प्रतियोगिता प्रथम स्थान पुष्पा कक्षा के जी 2, द्वितीय स्थान रियांशी कक्षा के जी 2, तृतीय स्थान चांदनी कक्षा के जी 1 ने प्राप्त किया। स्पून रेस में प्रथम स्थान तृषा यादव कक्षा दूसरी, द्वितीय स्थान नविता ध्रुव कक्षा दूसरी एवं तृतीय स्थान प्रदीप निषाद कक्षा दूसरी ने प्राप्त किया। थ्री लेग रेस में प्रथम स्थान सुजल और पूवांर्श कक्षा तीसरी, द्वितीय स्थान गगन और दिव्यांश कक्षा तीसरी तथा तृतीय स्थान राजकिशोर और दीपांशु कक्षा चौथी ने प्राप्त किया। बैलून रेस में प्रथम स्थान ओजस्वी और स्वरा कक्षा पांचवीं, द्वितीय स्थान नेहल और हेमलता कक्षा छठवीं तथा तृतीय स्थान गौरव और हितेश कक्षा छठवीं ने प्राप्त किया। थ्रो द बाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान युगान्त कक्षा सातवी, द्वितीय स्थान निखिल कक्षा सातवीं तथा तृतीय स्थान पार्थ कक्षा सातवीं ने प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथम स्थान पर चंद्रिका कक्षा बारहवीं, द्वितीय स्थान पर कशिश कक्षा बारहवीं एवं तृतीय स्थान पर सिद्धी कक्षा दसवीं रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को शिक्षकों के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय नागेश, लेखराज साहू, राकेश कुमार साहू, परम ज्योति भोई, रमेश यद्‌दु, अग्निहोत्र साहू, प्रशांत महंत, उत्तम साहू, संगीता साहू, लवलित आडीले, अंजु यद्‌दु, नगमा खातून, देविका नेताम, शैलेश यादव, प्रहलाद मरकाम, लक्ष्मी बघेल आदि उपस्थित रहे।



### बच्चों को नेहरू के बाल प्रेम व बाल दिवस के महत्व से अवगत कराया

*छुईहा बेलर। शैक्षणिक गुणवत्ता और नवाचारों को प्रोत्साहित के उद्देश्य से प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में एफएलएन मेला बड़े उत्साह और सहभागिता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सीखने की क्षमता, रचनात्मकता और शैक्षणिक दक्षता को प्रत्यक्ष रूप से प्रदर्शित किया गया। मेले में विकास खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह बहल, ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द के सरपंच देवेंद्र वर्मा, राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक खोमन सिन्हा, समिति अध्यक्ष ममता मतावले थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके साथ ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों को नेहरू जी के बाल प्रेम तथा बाल दिवस के महत्व से अवगत कराया गया। मेला स्थल पर अंग्रेजी, हिंदी और गणित विषयों पर दो-दो शिक्षण स्टॉल सजाए गए थे, जिनमें बच्चों ने अपने अभिनव तरीकों से सीखते हुए कौशल का प्रदर्शन किया। गणित के स्टॉल पर बच्चों द्वारा तैयार की गई जोड़ मशीन विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अभिभावकों और अतिथियों ने सभी स्टॉल का क्रमवार अवलोकन कर बच्चों की मेहनत की सराहना की। विकास खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने बच्चों को प्रेरक मार्गदर्शन देते हुए नवोदय विद्यालय की तैयारी करने तथा मेहनत व अनुशासन के साथ पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्रधान पाठक खोमन सिन्हा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य महेंद्र साहू, संकुल समन्वयक गिरिवर लाल यादव, रामनाथ कुर्रे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।*

## शिक्षक ढालू राम का निलंबन, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ने बताया तानाशाही, तत्काल बहाली की मांग

**गरियाबंद।** कुरूद विकासखंड के नारी प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक ढालू राम साहू के निलंबन को लेकर मामला गरमाता जा रहा है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष होरीलाल वर्मा ने उनके निलंबन को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है। वर्मा ने कहा कि शिक्षक ढालू राम साहू ने केवल स्कूल में पुस्तक न होने की पीड़ा व्यक्त की थी, जो कि पूर्णतः सच्चाई है। आधे वर्ष की परीक्षा निकट है, ऐसे में बिना पुस्तक के बच्चों की परीक्षा कैसे होगी, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पुस्तकों की कमी सरकारी नाकामी है, इसमें शिक्षक का कोई दोष नहीं है। वर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार ने अपनी कमियों को छिपाने के बजाय शिक्षक को निलंबित कर तानाशाही रवैया दिखाया है। उन्होंने कहा कि साय सरकार का चरित्र लगातार अलोकतांत्रिक होता जा रहा है और सच्चाई उजागर



करने वालों को प्रताड़ति किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल खुलने के पांच महीने बीत चुके हैं, छमाही परीक्षा प्रारम्भ होने वाली है और शिक्षा सत्र समाप्त होने में भी तीन महीने रह गए हैं, फिर भी स्कूलों में आज तक पुस्तकें नहीं पहुंच सकी हैं। यह स्थिति शिक्षा के प्रति सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। वर्मा ने राज्योत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने नेताओं को खुश करने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा दिए, लेकिन स्कूलों में पुस्तक और शिक्षक की कमी दूर करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना पुस्तक और बिना शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता कैसे सुधरेगी। कांग्रेस ने मांग की है कि सभी स्कूलों में पर्याप्त पुस्तकें और शिक्षक उपलब्ध कराए जाएं तथा सहायक शिक्षक ढालू राम साहू का निलंबन तत्काल वापस लिया जाए।

## दिल्ली ब्लास्ट के विरोध में मैनपुर में फूटा गुस्सा, आरोपियों का पुतला दहन कर निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

दिल्ली में घटित भीषण ब्लास्ट की घटना ने पूरे राष्ट्र को स्तब्ध एवं शोकाकुल कर दिया है। यह कृत्य न केवल मानवता के विरुद्ध है, बल्कि देश की संप्रभुता एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए खुली चुनौती भी है। बजरंग दल द्वारा इस अमानवीय कृत्य की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए शुक्रवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर में रैली निकाल नारेबाजी करते हुए आतंकवाद का पुतला जलाया गया। मैनपुर में दिल्ली ब्लास्ट के आरोपियों का पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के विरुद्ध जनजागरण और समाज में सुरक्षा एवं सजगता



की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। बजरंग दल का यह स्पष्ट मत है कि ऐसे जघन्य अपराधों में संलिप्त दोषियों को शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तार कर कठोर से कठोर दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। हम केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह करते हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले सभी तत्वों पर कठोरतापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, हम समस्त नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे शांति बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्रशासन को तत्काल प्रदान कर राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस मौके पर प्रमुख रूप से बजरंग दल के संयोजक देव वासनिक, युगदास वैष्णव, वि"व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष तिजेश्वर सोनवानी, मोहित द्विवेदी, रूपेश साहू, दिनेश सचदेव, नरेश सिन्हा, मुकेश सिन्हा, देवेन्द्र सिन्हा, तिलेश निर्मलकर एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिहार में भाजपा की जीत पर मैनपुर में भाजपाइयों ने जुलुस निकाली



**मैनपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा नगर में जमकर ज"न मनाई मंडल अध्यक्ष संतोश यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड में एकत्र होकर एक घंटे तक जमकर आतिशबाजी किया फिर मिठाई वितरण किया और जमकर नारेबाजी करते हुए विजय जुलुस निकाली। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अटूट प्रेम और वि"वास के चलते आज बिहार में भाजपा भारी बहुमत के साथ सरकार बना रही है भाजपा ने देश की जनता के साथ जो भी वायदे किये है उन वायदो को पूरा किया है जिसके कारण पूरे देश में भाजपा की सरकार बन रही है। देश ही नही विदेशो में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति लोगों में विश्वास और लहर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होने कहा भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्य करता है जिसकी मेहनत आज रंग लाई है और आज बिहार में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है। उन्होने कहा की बिहार की जनता एक बार फिर विकास को चुना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जताया है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, महामंत्री घनश्याम मरकाम, तुलसी राठौर, रूपेश साहू, मोहित द्विवेदी, राकेश दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, बाबूलाल साहू, दिनेश सचदेव, मोहन कुशवाहा, हरिनाथ यादव, रामस्वरूप साहू एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## शिक्षक जागेश्वर राम का राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड और एशियाई चैंपियनशिप में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

मास्टर एथलेटिक्स राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने वाले और 23वां एशिया मास्टर एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता चेन्नई 2025 में भारतीय टीम का नेतृत्व करने वाले 50 वर्षीय जागेश्वर राम ध्रुव शिक्षक का गांव व शाला परिवार में गर्म जोशी से स्वागत किया गया। आप सबको जानकारी हो की जागेश्वर राम ध्रुव शिक्षक माध्यमिक शाला पंक्तियां विकासखंड छुरा जिला गरियाबंद में उच्च श्रेणी शिक्षक पद पर कार्यरत है इस वर्ष एशिया मास्टर एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता जो चेन्नई में संपन्न हुआ जिसमें भारतीय टीम में चयन हुआ जहां एशिया महाद्वीप के चीन, कोरिया, जापान, थाईलैंड, इंडोनेशिया, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश सहित 30 देशों ने भाग लिया जिसमें लगभग 3350 खिलाड़ी सम्मिलित हुए इसमें जागेश्वर का चयन 5 किलोमीटर दौड़ 1500 मीटर दौड़ हुआ 5 किलोमीटर पैदल चाल में भाग लेकर गांव व जिले का मान बढ़ाया।जागेश्वर ध्रुव का यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच है स्वागत में माध्यमिक शाला पंक्तियां प्रधान पाठक गिरवाल लाल ध्रुव शिक्षक धामेश्वर साहू, गुरुदेव भास्कर,कन्हैया मंडल प्राथमिक शाला प्रधान पाठक ममता ध्रुव संकुल केंद्र पंक्तिया के समस्त शिक्षक, सरपंच लता ध्रुव, उप सरपंच बृजमोहन तारक, उदे राम साहू, हीरा पटेल मुनेश्वर पटेल व सभी छात्र-छात्राओं ने गुलदस्ता व हार से स्वागत अभिनंदन किया।

## बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत पर तिरंगा चौक में जश्न

**गरियाबंद।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के बाद पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। चुनाव परिणाम सामने आते ही गरियाबंद के तिरंगा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ जुट गई। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी कर विजय का जश्न मनाया। तिरंगा चौक में वातावरण पूरी तरह उत्साह, जोश और राष्ट्रवादी नारों से गूंज उठा। भाजपा समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को जनता के भरोसे और समर्थन का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस चुनाव ने फिर सिद्ध कर दिया कि जनता विकास और स्थिर सरकार चाहती है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर, विजय नारे लगाकर अपनी खुशी व्यक्त की। जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि "बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट और ऐतिहासिक जनादेश दिया है। एनडीए की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के



अनुभव का परिणाम है। दोनों नेताओं ने मिलकर जनता के सामने एक मजबूत, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का विकल्प रखा, जिसे बिहार की जनता ने खुले दिल से स्वीकार किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एव पदाधिकारियों ने कहा कि यह जनादेश सिर्फ राजनीतिक जीत नहीं है, बल्कि सुशासन, विकास और आत्मनिर्भर बिहार के संकल्प की जीत है। उन्होंने बताया कि बिहार में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के लिए अवसरों के विस्तार को लेकर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है।एनडीए की यह जीत देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने वाली है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, जिला प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, नंदा स्वामी, मिलेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, सागर मयाणी, प्रह्लाद ठाकुर, तनु साहू, सरला उईके, प्रकाश सोनी, परमेश्वर सेन, नूतन देवांगन, वंश गोपाल सिन्हा राजू तिवारी, पूर्णिमा तिवारी, नारद राम लोनहारे, अशोक सेन, चैन सिंह कश्यप, रवींद्र ध्रुव, परमानंद नेताम, राजू तिवारी, भीम निषाद, प्रतीक सिंह, यश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामाजिक समरसता को बढ़ाने युवाओं को किया प्रेरित

# पिपरछेड़ी में विधायक साहू ने किया राशन दुकान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू शुक्रवार को अपने निज ग्राम पिपरछेड़ी में नई शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान का शुभारंभ किया। गांव में राशन दुकान खुलने से स्थानीय नागरिकों को अब अपने ही गाँव में राशन मिल सकेगा और उनकी राशन संबंधी परेशानियां कम होंगी। विदित हो कि ग्राम पिपरछेड़ी में राशन दुकान नहीं होने के कारण ग्रामीणों को 3 किमी दूर राशन लेने जाना पड़ता था।

इसे देखते हुए उन्होने अपने जन्मस्थान पिपरछेड़ी में गांव की जनता के तकलीफ को महसूस कर नई राशन दुकान की स्वीकृति दिलाई। इस राशन दुकान के खुलने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत रियायती दरों पर खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुएँ गांव में ही उपलब्ध होंगी तथा उन्हें 3 किमी दूर अब नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर विधायक



रोहित साहू ने कहा कि नई दुकान का शुभारंभ गांव की जनता को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया है। इससे लोगों को दूर की दुकान तक राशन लेने नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने निकटतम स्थान में ही राशन की सुविधा मिल जाएगी। यह शासकीय उचित मूल्य की दुकान हमारे सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली का हिस्सा है। इससे रियायती दरों पर खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध होंगी। विधायक रोहित साहू ने अपने निजग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में अपनों के बीच समरसता और सामाजिक एकता पर जोरदार भाषण दिया। उन्होंने नई पीढ़ी को गांव की एकता और भाईचारे की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सजग प्रहरी बनने का आह्वान किया। उन्होने नई पीढ़ी को ग्राम के उत्थान और सम्मान के लिए कार्य करने प्रेरित किया। कहा कि किसी भी गांव की वास्तविक शक्ति उसकी सड़कों या इमारतों में नहीं, बल्कि उनके निवासियों के बीच के प्रेम और सहयोग में निहित होती है। आज के दौर में जब समाज में छोटी-छोटी बातों पर दरारें पैदा करने की कोशिशें होती हैं, तब हमें अपनी एकता की नींव को और मजबूत करना होगा। इसके लिए हमारे युवा साथियों के कंधे पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### हरसंभव सहयोग करेंगे

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा ही हमारे गांव और देश का भविष्य हैं। उन्हें गांव में सनातन परंपराओं को सुदृढ़ करने और आगे बढ़ाने के लिए लगातार सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने प्रेरित किया जिसमें हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान कार्यक्रम में सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष मंशा साहू, सचिव खम्मन साहू, विष्णु साहू, पूरन निर्मलकर, दुबे निर्मलकर, संतु साहू, जोहन साहू, मन्नू साहू, इन्द्राणी साहू, रेखा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। खास बात यह रहा कि राशन दुकान उदघाटन को लेकर ग्रामीणो में जहां उत्साह का माहोल देखा गया वही नया राशन दुकान को गुब्बारो से सजाया गया था।

